# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२३-२५ की
# राष्ट्रीय स्थायी समिति की द्वितीय बैठक का कार्यवृत

५ अक्टूबर २०२४, (शनिवार), केंद्रीय कार्यालय सभागार, कोलकाता

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की प्रथम बैठक ५ अक्टूबर २०२४ शनिवार को कोलकाता स्थित केंद्रीय कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री कैलाशपति तोदी | श्री संजय गोयनका | श्री केदारनाथ गुप्ता |
| श्री पवन जैन | श्री आत्माराम सोंथलिया | श्री सीताराम अग्रवाल | श्री सज्जन बेरिवाल |
| श्री शंकर जालान | श्री संदीप सेक्सरिया | श्री अमित मुँधड़ा | श्री नंदलाल सिंघानिया |
| श्री अरुण प्रकाश मल्लावत | श्री अनिल कुमार मल्लावत | श्री नंद किशोर अग्रवाल | श्री राजेश ककरानियाँ |
| श्री प्रमोद कुमार जैन | श्री रघुनाथ झुनझुनवाला | | |

**निम्नलिखित ने अनुपस्थिति की सूचना दीः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री संजय हरलालका | श्री रंजीत कुमार जालान | श्री गोपाल अग्रवाल | श्री शिव कुमार बागला |
| श्री इंद्र चंद महेरीवाल | | | |

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सर्वप्रथम सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सबका स्वागत किया और सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों के विषय में सभा को अवगत कराया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने कहा कि सम्मेलन समाज में समाज सुधार के कार्यक्रम का सूत्रपात एवं नेतृत्व प्रारंभ से ही हैं। अभी भी समाज सुधार हमारा प्रमुख मुद्दा हैं। साथ ही साथ हमें संस्कार-संस्कृति-चेतना, संगठन विस्तार, समरसता, राजनीतिक चेतना एवं आपणो समाज-एक समाज-श्रेष्ठ समाज पर जोर देना हैं। इन सब कार्यक्रमों का संदेश शाखा एवं प्रांतीय स्तरों पर भी होना अति आवश्यक हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए उत्कल प्रदेश के दौरे के विषय में सभी सदस्यों को बताया एवं कहा कि सम्मेलन के प्रति ओडिशा प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में काफी उत्साह एवं भागीदारी देखने को मिल रही हैं। सम्मेलन का इतिहास गौरवपूर्ण रहा हैं एवं सम्मेलन का समाज में विशिष्ट स्थान हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि मारवाड़ी सम्मेलन जैसी संस्था समाज की सेवा कर रही हैं एवं हम उसके एक अंग हैं।

राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने सभा का संचालन किया एवं महामंत्री की रपट सभा पर पेश की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा हैं। सभी का सहयोग एवं साथ मिल रहा है, यह एक हर्ष की बात हैं।

वित्तीय उपसमिति के अध्यक्ष श्री आत्माराम सोंथलिया ने इस सत्र में सम्मेलन द्वारा किए गए कार्यों एवं आर्थिक स्थिति के प्रति संतोष व्यक्त किया एवं सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएँ दी।

राजनीतिक चेतना उपसमिति के चेयरमैन श्री नंदलाल सिंघानिया, स्वास्थ्य उपसमिति के चेयरमैन श्री अनिल मलावत ने उपसमितियों के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

एवं पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के श्री नन्दकिशोर अग्रवाल जी ने अपने वक्तव्य रखें।

सभा के प्रारंभ में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री संजय गोयनका के हिंदुस्तान क्लब के उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन पर सम्मान किया गया। स्थायी समिति के सदस्य श्री अमित मुँधड़ा को हिंदुस्तान क्लब के कार्यकारिणी समिति के सदस्य के निर्वाचन पर बधाई दी गई। इस बैठक में सर्वश्री पवन जैन, सज्जन बेरिवाल, शंकर जालान, संदीप सेक्सरिया, अरुण प्रकाश मल्लावत, रघुनाथ प्रसाद झुनझुनवाला भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष** **राष्ट्रीय महामंत्री**